# ऑर्किड्स का रखवाला

इयान वैलेस



"तुम दलदल में जंगली ऑर्किड को बढ़ाने में मदद करना चाहते हो!" उसके पिता ने ख़ुशी से कहा. "अगर तुम वो काम करना चाहते हो तो तुम उसे रसोई के दरवाजे के बाहर से ही शुरू कर सकते हो!"

जब वह तेरह साल का था, तब जोस पुरोडन को अचानक अपने परिवार के फार्म पर उगते हुए कुछ दुर्लभ जंगली ऑर्किड मिले. उस दिन से, तमाम बाधाओं के बावजूद उसने उन सुंदर "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स के संरक्षण का दृढ़ संकल्प लिया.

# ऑर्किड्स का रखवाला



जोस पुरोडन को परिवार के खेती के काम में मज़ा नहीं आता था. जैसे ही उसका काम ख़त्म होता वो अपने कुत्ते, लैडी के साथ घूमने निकल जाता था, और फिर वे साथ मिलकर पूर्वी ओंटारियो के तीन सौ एकड़ की झाड़ियों और दलदल वाली भूमि पर ट्रेक करते थे.

समय के साथ, वो पहाड़ी और दलदल के चप्पे-चप्पे को जान गया. हर प्रजाति के पेड़-पौधे, हर बीवर का बांध और ओस्प्रे का घोंसले, भेड़ियों और काले भालू की गुफाएं जहां हिरण सोए थे और मूस और कोयोट्स घूमते थे, जहां कार्प और बास मछलियां तैरती थीं जहाँ कछुए, मेंढक और टोड अपने अंडे, सूर्य के चाप और चंद्रमा के चरणों में रखते थे.



जून में जब जोस तेरह साल का था तब उसे आठ दुर्लभ जंगली ऑर्किड दिखे जो दलदली ज़मीन पर पर सीधे खड़े थे. उसने अपनी पिछले ट्रेक में उन पौधों को देखा था, लेकिन तब तक उनमें से कोई खिला नहीं था. फिर जोस ज़मीन पर लेट गया और उसने अपनी हथेली में एक फूल लिया. वो आर्किड, उसके कुत्ते लैडी के कानों की तरह ही नरम और नाज़ुक था.

"क्या तुम यहाँ के सूर्यास्त में सबसे सुंदर चीज नहीं हो?" जोस ने पूछा.



केवल चार दिन पहले, उसकी टीचर मिस मैकइंटायर ने स्कूल के मैदान के किनारे पर दो खिलते हुए पौधों की खोज की थी. फिर वो पूरे क्लास को उन्हें दिखाने लिए गईं.

"तुम लोग जो देख रहे हो वो बहुत आश्चर्यजनक है," टीचर ने कहा. "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स में परागकण नहीं होते हैं और वह खुद को पॉलीनेट नहीं कर सकते हैं, इसलिए उनका पोलिनेशन किसी जिज्ञासु मधुमक्खी या कीट पर ही निर्भर करता है जो उनकी थैली पर आकर ठोकर मारे."

उस दोपहर जोस को कई बार एक मक्खी को दूर भगाना पड़ा.

"देखो इस पौधे को खिलने में सात से पंद्रह साल लगते हैं, और वो हर साल हरेक फली में पंद्रह से पैंतीस हजार बीज पैदा करता है. तुम ज़रा इसकी कल्पना करो?"

टीचर की बात सुनकर कई छात्रों ने अपने सिर हिलाए, कई ने आह भरी और कुछ ने चुटकी ली, "वो तो बहुत सारे बीज हैं, मिस!"



मक्खी दुबारा वापस आई. पर इस बार जोस ने उसे अपनी गर्दन पर दबाकर मार डाला.

“.....और अगर वो मुश्किल नहीं था," तो मिस मैकइंटायर ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा, "उन ऑर्किड्स को पानी और सूरज की रोशनी का एकदम सही संतुलन चाहिए होता है. अधिक पानी में वे सड़ जाते हैं. बहुत कम पानी में वे सूखकर मर जाते हैं."

बच्चों में से एक ने कहा, "लगता है वे बड़े नाज़ुक हैं."

"शायद हम उनकी कुछ मदद कर सकें," उसके सबसे अच्छे दोस्त स्कॉट ने कहा.

"हाँ, मदद से उन्हें ज़रूर फायदा होगा," मिस मैकइंटायर ने कहा.

जोस ने उन ऑर्किड्स को दलदल में खोजा. "क्या वहां भी ऐसे कुछ अन्य ऑर्किड्स होंगे? या वे अकेले हैं?" फिर उसने लैडी की ओर रुख किया. "हम उन्हें खोजने की कोशिश करेंगे, क्यों लैडी?"



पूरी दोपहर जोस खिले हुए अन्य ऑर्किड्स की खोज करता रहा. जोस को आश्चर्य हुआ कि वो सोलह और ऑर्किड्स खोज पाया.

"अब हमें हर जगह वो ऑर्किड्स मिल रहे हैं, लैडी!"

शाम के खाने का समय होने वाला था इसलिए वे जल्द ही घर की तरफ चले. लेकिन वो ऑर्किड जोस के दिमाग में कांटों की तरह चुभ रहे थे. उसने खुद से वादा किया कि वो वापस लौटेगा और अपनी खोज जारी रखेगा.

उसके बाद के गर्मियों के दिनों में, जोस और लैडी ने अपना हर फालतू क्षण दलदल में बिताया.

"अब बत्तीस के बाद हम छत्तीस ऑर्किड्स खोज पाए हैं," जोस ने दो सप्ताह बाद कहा.

उसने मिस मैकइंटायर के शब्दों को याद करते हुए लैडी के सिर को सहलाया. और फिर उसने खुद से पूछा, "अगर ...?" जब तक वो खलिहान में पहुँचा, तब तक उसकी कल्पना में एक नया विचार आया था.



उत्साहित होकर जोस ने अपने परिवार को अपनी खोज के बारे में बताया और वो आगे क्या करना चाहता था यह भी बताया.

"तुम दलदल में जंगली ऑर्किड्स को बढ़ने में मदद करना चाहते हो!" पिता ने कहा. "अगर तुम यह काम करना चाहते हो तो तुम रसोई के दरवाजे के बाहर से ही शुरू कर सकते हो!"

उसकी बहन मैरी ने अपना मुंह बनाया.

"चुप रहो!" माँ ने मैरी से कहा.

"लेकिन ऑर्किड्स हमारे खेत का ही हिस्सा हैं, पिताजी. वे सिर्फ दलदल में ही उगते हैं. और उन्हें आलू की तुलना में अधिक सहायता की आवश्यकता होती है."

"और जब से ग्लेशियर ने उस दलदल को बनाया है तब से उसमें आज तक एक भी आलू नहीं उगा है."

"देखो, रुफस," माँ ने पिताजी को टोका. "उस लड़के को खेती के काम से अलग अपनी खुद की रूचि का काम भी करना चाहिए."

"ख़ुशी से!" पिता ने परेशान होते हुए कहा. "हम सभी को आनंद का समय अच्छा लगता है! लेकिन आनंद से मेज पर खाना नहीं आता है. लड़के को इसका ध्यान रखना चाहिए."

खाने की मेज पर जैसे ठंडी बर्फ गिर गई हो.

"क्या मैं घर के काम और स्कूल का काम पूरा करने के बाद यह काम कर सकता हूँ?" जोस ने पूछा.

उनके पिता ने उबले आलू को चबाते हुए कहा. "ज़रूर, घर और स्कूल का काम ख़त्म करने के बाद."



बर्तन धुलने के बाद और गायों का दूध दूने के बाद, जोस अपनी माँ और बहन को वो दुर्लभ जंगली ऑर्किड दिखाने ले गया. लैडी भी साथ गया. वे जल्दी-जल्दी चले क्योंकि पहाड़ियों पर अब रात होने वाली थी.

"वे प्रागैतिहासिक दिखते हैं," मैरी ने कहा. "बिल्कुल माँ की चप्पल की तरह. वो केवल छोटे हैं और उनमें पंख भी हैं."

माँ ने जोड़ा, "उनमें से हरेक आर्किड मेरी ठूंठदार पैर की उंगलियों में से सिर्फ एक में फिट आएगा!"



अगली सुबह, जोस ने "लेडीज स्लिपर" आर्किड के बारे में सब कुछ पढ़ना शुरू किया. मिस मैकइंटायर ने उसकी किताबें खोजने में मदद की, और उसके मार्गदर्शन के लिए एक योजना बनाई.

अब हर दूसरे दिन, जोस दलदल में लौटता था, जहां वो पानी के जल-स्तर को नापता था.

उसने बीवर के बांध से कुछ शाखाओं और पेड़ों को हटाया, जिससे पानी पश्चिमी किनारे की ओर सही मात्रा में बह सके.

हाथ में एक टहनी लेकर, उन्होंने आर्किड के पौधों को परागित किया और तब उनकी फली से बीज निकले, जो मिट्टी में गिर गए.



उन्होंने झाड़ियों को काटा और ऑर्किड्स को भारी छाया वाले इलाकों से प्रत्यारोपण करके उन्हें धूप वाले इलाके में स्थानांतरित किया.

अक्सर वापिस लौटने पर जोस ने पाया कि बीवर ने बांध में बने नए छेद को भर दिया था. लेकिन जोस को वो कुछ भी अटपटा नहीं लगा. वह समझ गया कि बीवर अपने घर की रक्षा कर रहे थे.

जोस ने उन हिरणों को भी भगाया जो ऑर्किड्स की दावत खाने आए थे और फिर मक्खियों और मच्छरों के झुंड से भी जूझा जो उसे काटने आए थे.

"किसी दिन," उसने कहा, "झाड़ी में कीड़ों से अधिक "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स होंगे," और फिर उसने अपने मुंह से सीटी बजाई.



जब सर्दियों की शुरुआत हुई, तो उसने बर्च, ऐश और देवदार आदि के पेड़ों की छंटाई की, जिससे बर्फ से ढकी जमीन पर गर्म धूप चमक सके. वो गिरे पेड़ों और टहनियों को अपने घोड़े मेजर की मदद से खींचकर घर ले गया.

बाद में, सड़क से नीचे आरा मिल ने पेड़ों को लट्ठों में काटा. अपने पिता की मदद से, जोस उन बोर्ड्स से नावें बनाता था और जो कुछ लकड़ी बचती थी उससे नावों के साथ बेंचने के लिए खिलौने ट्रक और ट्रेनें बनाता था.

एक दिन दोपहर को जोस ने अपने पिता से कहा, "दलदल अब अपने रखरखाव के लिए कमाई कर रहा है."

फिर पिता मुस्कराए और उन्होंने लकड़ी के छोटे टुकड़े चूल्हे में फेंक दिए. "मुझे लगता है कि तुम सही निकलोगे, बेटा."



जोस ने झरने की बाढ़ और गर्मी के सूखे से ऑर्किड्स को बचाया. उसने तूफानों और सर्दियों और मेहनतकश बीवरों से भी से भी उनकी रक्षा की. जैसे-जैसे जोस बड़ा हुआ उसकी शादी हुई और उसका अपना परिवार हुआ. खेत और ज़मीन उसे विरासत में मिली. वो कभी भी एक अच्छा किसान नहीं बना. उसे लकड़ी के काम में, मेपल सिरप के उत्पादन में, और ऑर्किड उगाने में मज़ा आता था.

धीरे-धीरे, उसके प्रयास रंग लाए.

धीरे-धीरे "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स की संख्या बढ़ी. उनकी जड़ें मिट्टी में नसों की तरह फैलीं. वे अब अकेले नहीं बल्कि कालोनियों और समूहों में उगे. समय के साथ वे टिके रहे और खूब फैले.



सोलहवीं गर्मी के आसपास एक सुबह, जोस ने घर पर रहने वाली अपनी सबसे छोटी बेटी को ऊपर बुलाया. "चलो ज़रा "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स को जाकर देखते हैं, रोडेना."

रोडेना अपने बिस्तर से कूदी और जल्द ही वो और उसके पिता दलदल में घुटनों तक गहरे पानी में खड़े थे. पानी के सांप उनके आसपास घूम रहे थे और एक चील उनके सिर के ऊपर आसमान में मंडरा रही थी. अपने पिता की तरह ही रोडेना भी सांपों से नहीं डरती थी. उसे लगता था कि सांप भी प्रकृति की भव्य योजना का हिस्सा थे.

वे खामोश खड़े होकर अपने चारों ओर फैले जंगली ऑर्किड्स के कालीन को निहार रहे थे. फिर अचानक, रोडेना चिल्लाई "कूदो, पिताजी!" और फिर वे दोनों हवा में कूदे, जैसे कि ड्रैगनफ्लाई उड़ती हैं. जब वे दुबारा जमीन से टकराए, तो पृथ्वी और उनके आसपास की हर जीवित चीज उछली और रोडेना खुशी से झूम उठी. दलदल में फिर बहार आई थी.





"आपको क्या लगता है कि आज कितनी "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स होंगे?" रोडेना ने पूछा.

एक मुस्कान के साथ उसके पिता ने कहा, "झाड़ियों में जितने कीड़े हैं, उनसे अधिक."

रोडेना प्रसन्नता से चीखी और उसने फिर से हवा में छलांग लगाई. जोस ने भी, अपने मुंह से सीटी बजाई. फिर वे उछलते-कूदते, चीखते और सीटी बजाते रहे, अंत में उनके पैर के नीचे से मिट्टी खिसकी और वे दलदल से दो प्राणियों की तरह घिसटते हुए धरती पर गिर पड़े.



# उपसंहार

अगले सात वर्षों तक, जोस और रोडेना ने "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स का पालन-पोषण करना जारी रखा जिससे कई हजार पौधे दलदल में उग आए.

पुरोडन फार्म पर दुर्लभ जंगली ऑर्किड उगने की खबर आग की तरह फ़ैली, और हर साल सैकड़ों लोग ऑर्किड्स को खिलते हुए देखने के लिए वहां आए. जोस और रोडेना के फार्महाउस के दरवाजे पर जिसने भी दस्तक दी उन्होंने उस व्यक्ति का दिल से स्वागत किया.

सर्दियों में एक दिन, जब कई फीट गहरी बर्फ पड़ी तो जोस का चुपचाप निधन हो गया.

जोस की मृत्यु के कुछ समय बाद, उसके परिवार ने उसकी इच्छा को सम्मानित किया, और काउंटी के संरक्षण प्राधिकरण को सोलह हजार "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स की देखरेख का कार्यभार सौंप दिया. उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स की कॉलोनी हमेशा के लिए आबाद रहे. ऑर्किड्स की रक्षा और आगंतुकों के लिए दलदली ज़मीन में चलने के लिए नए तरह के रास्ते (वॉल्क-वे) बनाए गए.

अगर आप वहां कभी घूमने जाएँ तो आप भी रोडेना से मिल सकते हैं.

"क्यों?" आप उससे पूछें, "आज कितने "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स खिल रहे हैं?'

वो आपको जवाब देगी, "यह कनाडा में "लेडीज स्लिपर" ऑर्किड्स की सबसे बड़ी कॉलोनी है और संभवतः उत्तरी अमेरिका में भी."

और उसकी बात सही होगी.